गजानंद कॉलेज के 6 छात्र प्रावीण्य सूची में

नवभारत रिपोर्टर। भाटापारा। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर



महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग से सत्र 2021-22 में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की प्रावीण्य सूची में कुल 6 छात्रों ने स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय व विभाग को गौरवान्वित किया। कुमारी सोनी 86.01 प्रतिशत प्रथम, हीरालाल 86 प्रतिशत द्वितीय, मुकेश्वरी 85.85 प्रतिशत तृतीय, कल्याणी 85.8 प्रतिशत चतुर्थ, यामिनी 83.5 प्रतिशत अष्टम, लता 83.4 प्रतिशत नवम स्थान के साथ सभी विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. श्रीमती विनोद शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाये देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष डॉ.शशिकिरण कुजूर, सहायक प्राध्यापक इंद्राणी मरकाम व अतिथि व्याख्याता खिलौना कन्नौजे ने हर्ष व्यक्त करते हुये शुभकामनायें दी हैं।